an>

Title: Need to establish a Sainik school and a Military school in Ambala parliamentary constituency, Haryana.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) ः मैं आदरणीय रक्षा मंत्री जी से ये निवेदन करना चाहूंगा कि भारत की 1.2 बिलियन आबादी को महेनज़र रखते हुए वर्तमान में चल रहे 24 सैनिक स्कूल और 5 राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल वर्तमान की चुनौतियों के लिए अपर्याप्त हैं। देखने में आ रहा है कि सेना में उच्च पदों पर अफसरों की संख्या दिन-प्रतिदिन घटती जा रही है क्योंकि आज का युवा सेना में अपना कैरियर बनाने की बजाय आई.टी. सेक्टर और मेडिकल सेक्टर में जाने को प्राथमिकता देता है। जहां भारत के प्रधानमंत्री ने रक्षा उपकरणों में स्वावलम्बी होने के लिए ""मेक इन इंडिया"" का नारा दिया है वहीं सेना के उच्च पदों पर भी भारत में शिक्षित व प्रशिक्षित युवाओं की जरूरत है। मैं मांग करता हूँ कि देश की रक्षा जरूरतों को समझते हुए देश में सैनिक स्कूल और राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों की संख्या दुगुनी की जाए।

मेरा अंबाला लोक सभा क्षेत्र सामरिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण क्षेत्र है। वहां पर साल भर सेना में भर्ती की प्रक्रिया चलती रहती है। इसीलिए मैं मांग करता हूँ कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में भी सैनिक स्कूल और मिलिट्री स्कूल खोले जाएं।